कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, अस्कोट (पिथौरागढ़)।

E-mail- eepwdaskote@gmail.com

पत्रांक–1521/13 सी0 दिनांक 18-08-2021

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
वन प्रभाग पिथौरागढ़।

विषय:– जनपद पिथौरागढ़ मे माननीय मुख्यमंत्री घो0 संख्या 901/2017 के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र धारचूला के बलुवाकोट पैय्यापौड़ी मोटर मार्ग के विस्तार किमी0 9.400 से 16.400 तक चौड़ीकरण /सुदृढ़ीकरण हेतु 4.335 है0 वनभूमि का गैरवानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण को प्रत्यावर्तन।

संदर्भ– अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी वन संरक्षण इन्दिरानगर फारेस्ट कालौनी उउत्तराखण्ड देहरादून का पत्रांक 83/FP/UK/ROAD/67274/2020 देहरादून दिनांक 07.07.2021

महोदय,

उपरोक्त विषयक के संबंध मे अवगत कराना है कि उक्त प्रस्ताव मे कमियों का निराकरण बिन्दुवार निम्नवत है:-

क्र सं0	लगाई गई आपत्ति	आपत्ति का निराकरण
1	प्रस्ताव मे पृष्ठ संख्या अंकित करते हुए विषयसूची संलग्न करें।	पृष्ट संख्या अंकित कर विषय सूची संलग्न कर दी गई है।
2	प्रस्ताव में भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रपत्र भाग–2 बिन्दु –(VI) मे हरियाली का घनत्व अंकित नही किया गया है।	हरियाली का घनत्व अंकित कर अपलोड कर दिया गया है।
3	वन अधिकार अधिनियम से संबंधित जिला स्तरीय समिति के प्रपत्र मे तिथि अंकित नही की गई है।	प्रपत्र मे तिथि अंकित कर अपलोड कर दिया गया है।
4	प्रस्ताव मे वन संरक्षक द्वारा भरे जाने वाला प्रपत्र भाग–3 संलग्न नही किया गया है।	प्रपत्र संलग्न कर दिया गया है।
5	प्रस्ताव मे संलग्न क्षतिपूरक वृक्षारोपण योजना वर्तमान दरों के अनुसार नही है। कृपया संशोधित सी0ए0 योजना संलग्न करें। प्रस्ताव मे संलग्न प्रपत्र –15.5 मे प्रयोक्ता एजेन्सी के हस्ताक्षर अपेक्षित है।	क्षतिपूरक वृक्षारोपण योजना वर्तमान दरो पर तैयार कर दी गई है। प्रस्ताव मे संलग्न प्रपत्र 15.5 मे प्रयोक्ता एजेन्सी के हस्ताक्षर करा दिये गये है।
6	प्रस्ताव मे संलग्न प्रपत्र–18 मे परियोजना किसी राष्ट्रीय पार्क/वन्यजीव अभ्यारण्य का हिस्सा न होने के प्रमाण पत्र मे प्रभागीय वनाधिकारी के हस्ताक्षर नही किये गये। कृपया प्रमाण पत्र मे हस्ताक्षर करवाकर प्रस्ताव मे संलग्न करें।	प्रमाण पत्र मे हस्ताक्षर कर अपलोड करा दिया गया है।
7	प्रस्ताव मे संलग्न प्रपत्र –19 मे परियोजना की से दूरी राष्ट्रीय पार्क/वन्यजीव अभ्यारण्य 1.10 किमी0 अंकित की गई है। उक्त के क्रम मे मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक की संस्तुति ऑनलाईन पार्ट–।। मे अपलोड की गई है, परन्तु हार्ड प्रति मे इस कार्यालय को उपलब्ध नही कराई गयी है। उक्त प्रमाण पत्र भी प्रस्ताव मे संलग्न करें।	प्रमाण पत्र संलग्न कर दिया गया है।
8	भू–वैज्ञानिक की आख्या प्रस्ताव मे संलग्न नही है। कृपया संलग्न करें।	भू–वैज्ञानिक आख्या संलग्न कर दी गई है।
9	प्रस्ताव मे संलग्न प्रपत्र–33 मे लाभान्वित होने वाले ग्रामों की संख्या एवं परिवार की संख्या का योग त्रुटिपूर्ण है।	ग्रामों की संख्या एवं परिवार की संख्या का योग सही कर दिया गया है।

अतः उक्त आपत्तियों का बिन्दुवार निराकरण कर सेवा मे प्रेषित।

संलग्न - उपरोक्तानुसार, 5 प्रति (2125 पृष्ठ)

19-8-21

(इ0 आशुतोष) 18.08.21
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 अस्कोट।

E:\Amin PD JOSHI\Latter.doc